संपादकीय

# आवेग व प्रतिरोध

फिल्म अभिनेत्री से नेता बनी कंगना रानावत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मार दिया। सीआईएसएफ की यह कांस्टेबल कुलविंदर कौर दो साल से यहां तैनात है।

कौर को फौरन गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया। कंगना मंडी से भाजपा की सांसद चुनी गई हैं। वह संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आ रही थीं। सांसद द्वारा जारी वीडियो में कहा थप्पड़ मारने वाली किसान आंदोलन की समर्थक थी।

उसने सामने से चेहरे पर मारा और अपशब्द कहने लगी, जबकि फौरन कपूरथला की कौर का वीडियो भी सोशल मीडिया में आया, जिसमें वह कंगना पर आरोप लगा रही है कि उन्होंने सौ-सौ रुपए लेकर किसान आंदोलन में महिलाओं के बैठने की बात की थी, जिसमें कौर की मां भी शामिल थी।

कंगना अपने वीडियो में पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है, उसे हम कैसे हैंडल करेंगे, भी कह रही हैं। जिस पर अलग विवाद हो गया। सुरक्षाकर्मी का यह बर्ताव बेहद निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है। आंदोलन करना या उसके खिलाफ बयान देना, निजी मसला है, जिसका सवैधानिक तरीके से विरोध किया जाना चाहिए, परंतु जिस तरह का आवेग व प्रतिरोध के कौर ने जनप्रतिनिधि के प्रति दर्शाया, वह घोर निंदनीय है। साथ ही सुरक्षाबलों पर सदेह उपजाने वाला साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए कृषि कानूनों को लेकर 2020-2021 के दरम्यान किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया था। उस वक्त भी कंगना ने अपने ट्वीट पर विवाद होते ही, उसे डिलिट कर दिया था। मगर कौर के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने एकबार फिर समूचे पंजाब को आतंकवाद व उग्रवाद की तरफ बढ़ता बता कर, जल्दबाजी दिखा दी। यह सांप्रदायिक विभाजन की लकीर खींचने सरीखा है।

देश के तमाम लोग सुरक्षाकर्मी के पक्ष में भी आ खड़े हुए। उन्होंने सोशल मीडिया में किसानों, पंजाबवासियों व आंदोलनकारियों की पक्षधरता में कोई संकोच नहीं किया। चूंकि अब कंगना मात्र फिल्मकार नहीं हैं, उन्हें जनता ने चुन कर संसद तक पहुंचाया है। इसलिए उनका हर बयान गंभीर व तथ्यपरक होना चाहिए। उनके साथ जो अभद्रता हुई, वह गलत है मगर समुदाय विशेष, राज्य या जाति पर बंटवारा करके उसे गलत ठहराना उचित नहीं कहा जा सकता। जांच चालू है, शीघ्र ही उचित कार्रवाई का नतीजा सबके सामने होगा।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने 7,000 करोड़ जुटाने के लिए शुरू की आईपीओ लाने की तैयारी

**नईदिल्ली**



बजाज फाइनेंस की सब्सिडियरी कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस जल्द ही शेयर मार्केट में आने की तैयारी में है। कंपनी ने इसके लिए जरूरी दस्तावेज भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल कर दिए हैं। इस पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए कंपनी करीब 7,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

इस राशि को जुटाने के लिए कंपनी दो तरीके अपनाएगी। पहला, वो 4,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। दूसरा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड अपनी मौजूदा हिस्सेदारी बेचेगी, जिससे अनुमान है कि उन्हें करीब 3,000 करोड़ रुपये मिल जाएंगे। शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये रखी गई है।

ये घोषणा बजाज हाउसिंग फाइनेंस के बोर्ड द्वारा कंपनी को लिस्ट कराने की योजना को हरी झंडी मिलने के एक दिन की गई है। जरूरी नियमों को पूरा करने के लिए ये फैसला लिया गया है, लेकिन इसे शेयर बाजार के हालातों पर भी निर्भर रखा गया है। साथ ही, बजाज फाइनेंस (बजाज हाउसिंग फाइनेंस की मूल कंपनी) ने ये भी बताया है कि वो अपनी इस सब्सिडियरी कंपनी में 3,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी।

बजाज हाउसिंग फाइनेंस 100 प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनी है। कंपनी को इस आईपीओ से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल अपने पूंजी को मजबूत करने और भविष्य में लोन देने की जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2022 में 15 ऐसे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की लिस्ट जारी की थी जिनका लोन बुक 50,000 करोड़ रुपये से जयादा था। इन्हें अपर लेयर का एनबीएफसी माना जाता है। आरबीआई के नियमों के अनुसार, ऐसी कंपनियों को सितंबर 2025 तक शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस को इसी वजह से आईपीओ लाना पड़ रहा है.

इस आईपीओ को कई बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों जैसे कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड का साथ मिल रहा है।

कंपनी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले साल के मुकाबले 38 प्रतिशत बढक़र 1,731 करोड़ रुपये हो गया है। मार्च 31, 2024 तक कंपनी का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (टियर-2 पूंजी सहित) 21.28 प्रतिशत था।

बजाज हाउसिंग फाइनेंस वेतनभोगी और स्व-नियोजित ग्राहकों को होम लोन, संपत्ति के एवज में लोन और लीज रेंटल डिस्काउंट जैसे कई तरह के लोन प्रोडक्ट्स ऑफर करती है। साथ ही, कंपनी डेवलपर्स को कंस्ट्रक्शन फाइनेंस और इन्वेंट्री फाइनेंस भी मुहैया कराती है। मार्च 31, 2024 तक कंपनी के कुल संपत्ति प्रबंधन में से 57.8 प्रतिशत होम लोन का था, जबकि एक साल पहले ये आंकड़ा 61.7 प्रतिशत था।

# ब्रिटेन में निवेश करने में भारत से महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली टॉप पर

**नईदिल्ली**



ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया।

इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है।

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे।

विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। रिपोर्ट के अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

# जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए कच्चे माल, जारी किया तैयार माल का ब्यौरा देने वाला फार्म

**नईदिल्ली**

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

# अदाणी एयरपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 24 में संभाला एक मिलियन टन से ज्यादा कार्गो

**मुंबई**



अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की ओर से रविवार को कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी ने एक मिलियन टन एयर कार्गो संभाला है। इसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष कंपनी ने 9,44,912 मीट्रिक टन कार्गो संभाला गया था।

अदाणी ग्रुप देश में सात एयरपोर्ट्स संभालता है और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 लाख मीट्रिक टन कार्गो संभालने के साथ कंपनी का मार्केट शेयर 30.1 प्रतिशत हो गया है।

एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा कि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड में हम लगातार संचालन के नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। कार्गो टर्मिनल की ओर से एक मिलियन टन का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया गया है।

कंपनी ने कहा कि हैंडल किए गए सभी कार्गो में 65 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय था। अंतरराष्ट्रीय कार्गो सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढक़र 6,62,258 मीट्रिक टन हो गया है, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष 6,06,348 मीट्रिक टन था।

कंपनी द्वारा संभाले गए कार्गो में ऑटोमोबाइल, फार्मा, जल्द नष्ट होने वाली चीजें, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग गुड्स थे।

बंसल ने आगे कहा कि हमारी ये उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्गो हैंडल करने में हमारी स्थिति को और मजबूत करती है।

वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने सबसे ज्यादा कार्गो संभाला। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (अहमदाबाद) ने 18 मई को इंडिगो के पहले ए320 नियो मालवाहक विमान का सफलतापूर्वक संचालन किया।

अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचालन ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (लखनऊ) में मार्च 2024 में 700 टन कार्गो संभाला, जो कि अब तक सबसे अधिक है।

# काशी से लेकर कश्मीर तक, भारत-पाकिस्तान मैच से पहले फैंस में उत्साह

**नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट फैंस में उत्साह है। टीम इंडिया को चीयर-अप करने के लिए काशी और रांची से लेकर जम्मू-कश्मीर तक धूम मची है। कहीं फैंस गंगा तट पर महादेव से प्रार्थना कर रहे, तो कुछ दुआओं में पाकिस्तान की हार मांग रहे हैं।

पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस पाकिस्तान के साथ भारत के मैच का बेसब्री से इंतजार करते हैं, और एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वो दिन आ गया है।




टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी। आतंकी धमकी को देखते हुए इस महामुकाबले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, यहां की ड्रॉप-इन पिचों को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ है। मगर इन तमाम चुनौतियों के बावजूद फैंस और क्रिकेटरों में इस मुकाबले को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है।

धार्मिक नगरी काशी में क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला है। वहां के स्थानीय लोगों ने मां गंगा के तट पर भव्य आरती और आराधना कर टीम इंडिया की जीत की प्रार्थना की। इस दौरान डमरू और शंखनाद की ध्वनि से गंगा तट गूंज उठा।

एक स्थानीय फैन सूरज ने कहा, देश भर में भारत और पाकिस्तान मुकाबले को लेकर भरपूर उत्साह है। काशी में बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक में इस मुकाबले को लेकर बेताबी है। जैसे लगान फिल्म में हमने अंग्रेजों को धूल चटाई थी, ठीक वैसे ही हम पाकिस्तान को इस मुकाबले में खदेड़ देंगे।

वहीं, झारखंड के युवा क्रिकेटरों में भी उत्साह कम नहीं है। इन युवा क्रिकेटरों की माने तो इस महामुकाबले में टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहेगा और मैच भारत ही जीतेगा। साथ ही इन युवाओं का मानना है कि ऋषभ पंत, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह पाकिस्तानी खिलाड़ियों की बखिया उधेड़ देंगे।

# वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से रौंदा



**जॉर्जटाउन (गुयाना)**

टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप-सी के एक मैच में वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन की फिरकी के आगे युगांडा के बल्लेबाज पूरी तरह लाचार नजर आए।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉनसन चार्ल्स के 42 गेंदों पर 44 और आंद्रे रसेल के 17 गेंदों पर 30 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 173/5 रन बनाए।

जवाब में युगांडा की टीम 12 ओवरों में मात्र 39 रन पर सिमट गई। युगांडा को कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाया। अकील हुसैन ने अपने स्पेल में मात्र 11 रन देकर पांच विकेट लिए।

अकील का पांच विकेट वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजी आंकड़ा और टी20 विश्व कप में छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

वेस्टइंडीज ने 173 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए शुरू से ही युगांडा के बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। अकील हुसैन ने पावरप्ले के दौरान अपने तीन ओवरों में तीन विकेट लेकर आक्रमण की अगुआई की। रोमारियो शेफर्ड और रसेल ने भी विकेट लेकर योगदान दिया।

अकील ने सातवें ओवर के दौरान अपने शानदार स्पेल में चौथा और पांचवां विकेट लिया।

बता दें कि दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत की है। टीम ने अपने पहले दोनों मैच जीते हैं। वेस्टइंडीज की टीम चार अंक लेकर अफगानिस्तान के बाद ग्रुप-सी में दूसरे स्थान पर है, जबकि युगांडा की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

# कोटा फैक्ट्री के तीसरे सीजन की नई रिलीज तारीख से उठा पर्दा

**पहला पोस्टर आया सामने**

28 मई को जितेंद्र कुमार की पंचायत 3 रिलीज हुई जिसके चर्चे खूब हो रहे हैं. अमेजॉन प्राइम वीडियो पर ये सीरीज नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही है. अभी इसके चर्चे हो ही रहे हैं कि जितेंद्र कुमार की अगली सुपरहिट वेब सीरीज कोटा फैक्ट्री सीजन 3 की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. कोटा फैक्ट्री सीजन 3 जून महीने की में रिलीज होगी. चलिए जानते हैं जून की किस तारीख को जीतू भैया की वापसी हो रही है.



कोटा फैक्ट्री सीजन 3 पहला सीजन 2020 में आया था और इसे खूब पसंद किया गया था. जितेंद्र कुमार का नाम इसमें जीतू भईया के नाम से फेमस हुआ. जिन्होंने एक टीचर का रोल प्ले किया था.

फाइनली कोटा फैक्ट्री सीजन 3की रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है. ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट की है जिसमें कोटा फैक्ट्री 3 की रिलीज डेट बताई गई है. इसके कैप्शन में लिखा है, आज से तैयारी शुरू कोटा फैक्ट्री सीजन 3 नेटफ्लिक्स पर 20 जून को आ रही है.

वहीं रिलीज डेट की अनाउंसमेंट के साथ ही फैंस खुश हो गए हैं और इस सीरीज की रिलीज का अब इंतजार नहीं कर पा रहे हैं.

# अनुराग कश्यप की वेब सीरीज बैड कॉप का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

फिल्मों की दुनिया में एक से बढक़र एक कहानी लाने वाले अनुराग कश्यप अब एकबार फिर से एक्टिंग करते नजर आने वाले हैं, वो भी वेब सीरीज में. उनकी आने वाली वेब सीरीज का नाम है, बैड कॉप. इस सीरीज में अनुराग कश्यप विलेन के किरदार में हैं. इसके अलावा बैड कॉप में गुलशन देवैया का डबल रोल है. वेब सीरीज का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है



बैड कॉप के ट्रेलर में गुलशन देवैया डबल रोल में हैं. जिसमें से एक करण है तो दूसरा अर्जुन. करण पुलिस वाला बना है और अर्जुन चोर होता है. पूरी कहानी एक मर्डर की छानबीन और उसके सबूतों को मिटाने-छिपाने पर आधारित है. ट्रेलर में चोर-पुलिस की कहानी दिखाई गई है. अनुराग कश्यप भी इस सीरीज में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाते दिखने वाले हैं.

# बॉक्स ऑफिस पर फैली मुंज्या की दहशत, ओपनिंग डे पर कर डाली छप्परफाड़ कमाई



शरवरी वाघ की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' के ट्रेलर के बाद से फिल्म की काफी चर्चा हो रही थी. वहीं इस शुक्रवार को 'मुंज्या' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. 'मुंज्या' को पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और इसी के साथ फिल्म ने शानदार ओपनिंग भी की है. चलिए यहां जानते हैं 'मुंज्या' ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कारोबार किया है?

आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा 'मुंज्या' मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की स्त्री, रूही और भेडिय़ा के बाद चौथी फिल्म है. ये मुंज्या की कथा के इर्द-गिर्द घूमती है जो भारतीय लोककथाओं से प्रेरित है. फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था और अब मेकर्स ने इस फिल्म को लगभग 1600 स्क्रीन्स पर रिलीज किया है. हालांकि फिल्म के लिए बज अपने पीक पर नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि फिल्म पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ के साथ अच्छी दर्शक संख्या हासिल कर सकती है. वहीं फिल्म की ओपनिंग काफी शानदार रही है. दरअसल इसकी पहले दिन की कमाई के आंकड़े आ गए हैं. मैडॉक फिल्म ने अपने इंस्टा अकाउंट पर मुंज्या के ओपनिंग डे के कलेक्शन के आंकड़े शेयर किए हैं.

बता दें कि मैडॉक फिल्म्स द्वारा शेयर की गई पोस्ट के मुताबिक मुंज्या ने रिलीज के पहले दिन 4.21 करोड़ का कलेक्शन किया है.

बता दे कि शरवरी वाघ की मुंज्या ने रिलीज के पहले दिन 4 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया और इसी के साथ ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है. बता दें कि शरवरी की इससे पहले 2021 में आई फिल्म बंटी और बबली 2 ने रिलीज के पहले दिन 2.60 करोड़ का कलेक्शन किया था.

# शब्द सामर्थ्य- 83

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्ष | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है।

***वृष:*** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है।

***मिथुन:*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी- छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है।

***कर्क:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रख-रखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी कोई योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेगी। बच्चो के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं।

***सिंह:*** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

***कन्या:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पडऩे दे। आज घर पर कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा।

***तुला:*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम देंगे।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जाएगा।

***धनु:*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी कोई मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी।

***मकर:*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे।

***कुंभ:*** आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्रोत भी बढऩे से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी।

***मीन:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज कोई टेक्निकल वर्क सीख सकते हैं, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है।